# अंत्याक्षरी के नियम

1. पांच दलों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। एक दल में 5 (पांच) व्यक्ति होंगे। दल निम्नवत होंगे –
   1.1. **प्रथम दल** - प्रशासन निदेशालय के सभी कार्यालय
   1.2. **द्वितीय दल** - शिक्षा निदेशालय के सभी कार्यालय+ मुख्य सतर्कता कार्यालय+लेखा परीक्षा+महानिदेशक कार्यालय+पेंशन प्रकोष्ठ +शेष सभी कार्यालय
   1.3. **तृतीय दल** - अनुसंधान निदेशालय के सभी कार्यालय
   1.4. **चतुर्थ दल** - विस्तार निदेशालय के कार्यालय एवं सचिव कार्यालय (मीडिया एवं विस्तार प्रभाग प्रतिभाग नहीं करेगा)
   1.5. **पंचम दल** - निदेशक (अंतर्राष्ट्रीय सहयोग) के सभी कार्यालय

   **नोट** – दल का गठन संबंधित निदेशालयों द्वारा सभी संबंधित कार्यालयों से परामर्श कर किया जाएगा एवं दल की सूची निदेशालय स्तर पर सक्षम अधिकारी के द्वारा अनुमोदन के उपरांत मीडिया एवं विस्तार प्रभाग को प्रेषित की जाएगी।


2. प्रतियोगिता पांच चक्रों में आयोजित की जाएगी। पांच चक्र निम्न होंगे –
   2.1. **पारंपरिक** - एक गीत दिया जाएगा जिसके अंतिम अक्षर से अगले दल को गीत/गाना गाना होगा।
   2.2. **चित्र गीत** - एक दृश्य/चित्र दिखाया जाएगा जिसके आधार पर उस चित्र एवं गीत में संबंध स्थापित करने वाला गीत गाना होगा।
   2.3. **शब्द गीत** - एक शब्द दिया जाएगा जिसका गीत में प्रयोग हुआ हो।
   2.4. **लय-ताल** - एक धुन सुनाई जाएगी जिसका गीत गाना होगा।
   2.5. **मूक गीत** – दल को एक गीत का वीडियो बिना आवाज के दिखाया जाएगा। तदनुसार क्रमानुसार सभी दलों से उस गीत को गाने को कहा जाएगा।
3. पांचो चक्र तीन बार क्रमशः आयोजित किए जाएंगे।
4. प्रत्येक चक्र का प्रारंभ निर्णायक द्वारा दलों के नाम की पर्ची निकालकर किया जाएगा। उसके पश्चात प्रत्येक दल को क्रम से मौका दिया जाएगा।
5. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर देने के लिए एक दल को **आधा मिनट** का समय दिया जाएगा। आधा मिनट पूरा होने से पूर्व गीत शुरू करना होगा। बजर बज जाने पर वह प्रश्न समाप्त माना जाएगा।
6. प्रत्येक प्रश्न में केवल मुखड़ा गाना होगा।
7. किसी संकेत में यदि पूर्व में प्रयोग किया जा चुका गाना भी आता हो तो उस गाने को नहीं गाया जा सकेगा।
8. केवल एक विजेता का चयन किया जाएगा। टाई होने की स्थिति में समान अंक वाले दलों के मध्य विजेता के निर्धारित होने तक क्रमशः चक्र चलते रहेंगे।
9. प्रत्येक प्रश्न का एक अंक होगा। प्रत्येक चक्र में अधिकतम पांच अंक होंगे। पांचो चक्रों की तीन आवृत्तियों में अधिकतम पचहत्तर (75) अंक होंगे।
10. विजेता दल को पुरस्कृत किया जाएगा। पुरस्कार की राशि पांच हजार रूपये (रू 5000/-) होगी।
11. प्रतियोगिता में प्रतिभागी हिंदी फिल्मों के गीतों के अतिरिक्त तुलसी, सूर, कबीर आदि कवियों के पदों तथा आधुनिक हिंदी कविता के गीतों, गजलों आदि के मुखड़ों को गा सकेंगे किंतु कविता/गीत गाने की स्थिति में कवि का नाम उसी समय बताना होगा। नाम न बता पाने की स्थिति में उस चक्र में शून्य अंक मिलेंगे। नाम गलत पाए जाने की स्थिति में दल को प्रतियोगिता से बाहर माना जाएगा।
12. अश्लील अथवा किसी जाति, धर्म, लिंग, विचारधारा पर आक्षेप या टिप्पणी करने वाले गीतों का प्रयोग वर्जित होगा।

# शब्द संधान प्रतियोगिता

(अधिकतम कुल अंक - 60)

प्रश्न 1 – वर्ग पहेली (30 अंक)

हिन्दी उलटपुलट / गड्डमड्ड (स्क्रैम्बल्ड) हिंदी शब्द - वर्ग पहेली के संकेत के रूप में वर्ग पहेली के ठीक नीचे शब्द (उलटपुलट कर) दिए गए हैं।




संकेत - धमायुरा साली रीअवा लीनकु नतृपावा रथीअ हूँउ कोसामार अभि नरनतातर

**बाएँ से दाएँ**

4. कैंसर जैसी एक खतरनाक बीमारी; संकटार्बुद।
5. उत्तम या प्रसिद्ध कुल में उत्पन्न; ख़ानदानी; अभिजात।; 1. किसी प्रसिद्ध कुल का व्यक्ति 2. उत्तम नस्ल का पशु।
6. 1. बाँस या डंडों से बनाई गई वह आयताकार सीढ़ी या तख़्ती जिसपर शव को अंत्येष्टि क्रिया के लिए श्मशान ले जाया जाता है; टिकठी; शवयान 2. अंतशय्या; रत्थी; रक्षी।
7. 1. तृषालु; तृषा से युक्त; जिसमें कामना हो 2. प्यासा; पिपासु।
8. एक प्रत्यय जो शब्दों में लगकर अर्थों में अग्रलिखित विशेषताएँ लाता है; 1. आगे या सामने की ओर; जैसे- अभिमुख 2. मात्रा या मान का आधिक्य; जैसे- अभिमान 3. भली प्रकार से; जैसे- अभिभाषण; अधोवायु

**ऊपर से नीचे**

1. मुँह लगभग बंद करके उच्चरित ध्वनि जिसका आशय असहमति या इनकार सूचक होता है।
2. भवसागर से पार कराने वाला (ईश्वर); उद्धार।
3. धनुष।
4. 1. वह ज़मीन जो सालाना देने के हिसाब से ली जाती है 2. वह निश्चित राशि जो नाई; बढ़ई आदि को उनके काम के बदले मज़दूरी के रूप में प्रति वर्ष दी जाती है
6. 1. किसी वस्तु का वह भाग जहाँ उसकी लंबाई या चौड़ाई समाप्त होती है; किनारा; सिरा 2. वह स्थान जहाँ से कोई वस्तु मुड़ती है; मोड़ 3. विवर; छेद।

प्रश्न 2 – स्थानों को पहचानें - (10 अंक)

- चेरी है पर फल नहीं - ......................
- नाटक है पर ड्रामा नहीं -......................

- केश है पर बाल नहीं-......................
- रात है पर निशा नहीं-......................
- नाग है पर सांप नहीं-......................

प्रश्न 3 – वाक्य संशोधन – (5 अंक)

निम्नलिखित वाक्यों/वाक्यांशों को शुद्ध करें -

(1) मानव ईश्वर की सबसे उत्कृष्टतम कृति है।
(2) चिड़ियाँ गा रही है।
(3) लाठी बड़ा उपयोगी अस्त्र है।
(4) आपका भवदीय।

प्रश्न 4 - निम्नलिखित उलट-पलट अक्षरों से सही शब्द बनाएं। (10 अंक)

1. रानमगनपु
2. कसानिराय
3. वापाकीलाल
4. मायमरिग

प्रश्न 5 – कृपया हिंदी में अंतर बताएं। (5 अंक)

1. कार्रवाई – कार्यवाही
2. सुरक्षा – संरक्षा
3. भाषण – अभिभाषण
4. अनुमति – स्वीकृति
5. आज्ञा - आदेश